उच्च शिक्षा निदेशक ने किया संस्कृत कालेज का निरीक्षण

सुंदरनगर। उच्च शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश डा. अमरजीत कुमार शर्मा ने सोमवार को राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। प्राचार्य डा. खुशवंत सिंह के आग्रह पर डा. शर्मा ने महाविद्यालय को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित डिजिटल पुस्तकालय एवं वर्चुअल क्लासरूम उपलब्ध करवाने की अनुशंसा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने महाविद्यालय में प्रस्तावित नवनिर्मित भवन के लिए उपयुक्त भूमि का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त कर्मचारी वर्ग मौजद रहा।